# कार्यालय लेखा विभाग, नगर निगम, बरेली

## पुनः ई–निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक 170/ले0वि0/न0नि0ब0/2024–25 दिनांक 26-9-24

नगर निगम, बरेली के लेखाओं के रख–रखाव व दोहरी लेखा प्रणाली के अन्तर्गत कार्यों के संचालन हेतु चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट को चयनित करने हेतु ई–निविदा सूचना शसनादेश सं0–4848/नौ–5–2018–470सा/2018 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के अनुपालन में टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से सम्बनिधत प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकता है।

| नगर निगम निधि के अन्तर्गत पुनः ई–निविदा आमंत्रित हेतु | |
|---|---|
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 27/09/2024 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 27/09/2024 - (04:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 14/10/2024- (03:00 PM) |
| ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 14/10/2024- (04:00 PM) |
| फाईनेन्शियल ई–निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

लेखाधिकारी
नगर निगम, बरेली

———————————प्रकाशन हेतु नही———————————

प्रतिलिपिः–

1 सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र **दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान, बरेली** को इस अनुरोध के साथ कि अपने समावार पत्र में उपरोक्त निविदा सूचना का प्रकाशन आगामी संस्करण में डी0ए0वी0पी0 दरों पर 6-7 फान्ट साइज न्यूनतम स्थान में एक बार प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा 02 प्रतियों के साथ बिल भुगतानार्थ प्रेषित करें तथा 02 अतिरिक्त प्रति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

2 नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3 कम्प्यूटर आपरेटर (ई–टेण्डरिंग) नगर निगम, बरेली को को इस निर्देश के साथ कि उक्त निविदा सूचना को उपरोक्तानुसार वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

**लेखाधिकारी**
नगर निगम, बरेली

CamScanner

# कार्यालय नगर निगम, बरेली।

नगर निगम, बरेली के लेखाओं के रख–रखाव व दोहरी लेखा प्रणाली के अन्तर्गत विवरण पत्र एवं बैलेन्स–शीट दिनांक 01.04.2024 से तैयार किया जाना है। इस कार्य के लिये एक चार्टड एकाउन्टेण्ट को सम्बद्ध किया जाना है। इच्छुक रजिस्टर्ड फर्मों को इस क्षेत्र में कम से कम सरकारी/अर्द्धसरकारी उपक्रमों में पांच वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। निविदा ई–निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं https://nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं0–4848/नौ–5–2018–470सा/2018 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क अंकन रू0 5000.00 + जी0एस0टी0 अंकन रू0 900.00 तथा धरोहर राशि अंकन रू0 50,000.00 ऑनलाईन आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से E-TENDER BNN NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं0– 3647000100980707 आई0एफ0एस0सी0 कोड– PUNB0364700 पंजाब नैशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कापी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। तथा निविदादाता को अपने स्टेटमेन्ट की स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृति का सूचना पत्र प्राप्त होने पर 7 दिन के अन्दर आवश्यक स्टाम्प पेपर जमा कराते हुए निर्धारित प्रपत्रों पर कार्य पूर्ण करने हेतु अनुबन्ध करना होगा। अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार/फर्म की जमा धरोहर राशि जब्त कर द्वितीय न्यूनतम निविदादाता को कार्य आवंटित कर दिया जायेगा तथा शेष निविदादाताओं की धरोहर राशि आनलाईन वापस कर दी जायेगी। अन्य शर्तें एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई–निविदा टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| पुनः ई–निविदा सूचना | |
|---|---|
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 27/09/2024 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 27/09/2024 - (04:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 14/10/2024- (03:00 PM) |
| ई–निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 14/10/2024- (04:00 PM) |
| फाईनेन्शियल ई–निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

## कार्य का विवरण

उक्त कार्य एक्रुअल बेस्ड दोहरी लेखा प्रणाली के अन्तर्गत खातों को तैयार करना निम्न बिन्दुओं पर केन्द्रित होगा।

01. दैनिक रोकड़ बही तैयार करना।
02. दैनिक जनरल में प्रविष्टि करना।
03. दैनिक लेजर में प्रविष्टि करना।
04. तलपट तैयार करना।
05. बैंक समाधान विवरण तैयार करना।
06. आय–व्यय का खाता तैयार करना।
07. बैलेन्स–शीट (आर्थिक चिट्ठा) तैयार करना।
08. मासिक लेखा एवं बजट तैयारी में सहायता करना।
09. नगर निगम कर्मचारियों को दोहरी लेखा प्रणाली के कार्य हेतु पूर्णतः प्रशिक्षण देना।
10. नगर निगम बरेली के वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0) संबंधी समस्त कार्यों का निष्पादन करना।
11. नगर निगम बरेली के ठेकेदारों को भुगतान की जाने वाली धनराशियों से काटी गयी आयकर व जी0एस0टी0 को जमा कराना, कर्मचारियों/अधिकारियों के आयकर से सम्बन्धी कार्य, जी0एस0टी0 एवं आयकर का रिटर्न फाईल करना आदि कार्यों का निष्पादन करना।
12. शासन स्तर पर दोहरी लेखा प्रणाली, आयकर एवं जी0एस0टी0 सम्बन्धी समय–समय पर मांगी गयी सूचनाओं को तैयार कराना एवं उक्त से सम्बन्धित बैठक में नगर निगम बरेली का प्रतिनिधित्व करना।

लेखाधिकारी
नगर निगम, बरेली

CamScanner

## तकनीकी बिड हेतु निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा–

01. फर्म का लाईसेन्स।
02. अनुभव प्रमाण पत्र– निविदादाता/रजिस्टर्ड फर्म द्वारा सरकारी/अर्द्धसरकारी उपक्रमों का कम से कम पांच वर्ष का अनुभव अनिवार्य होगा।
03. फर्म की जी0एस0टी0
04. फर्म का पैन कार्ड।
05. फर्म के सभी पार्टनर्स का आधार कार्ड।
06. फर्म के सभी पार्टनर्स का पैन कार्ड।
07. फर्म द्वारा अपनी प्रोफाईल (बायोडाटा) जिसमें फर्म द्वारा अपलोड किये जाने वाले प्रपत्रों का संक्षिप्त विवरण भी सम्मिलित किया गया हो, अनिवार्य होगा।
08. टेण्डर अपलोड के समय निविदादाता फर्मों को 10 रू0 के स्टाम्प पेपर पर उक्त दस्तावेजों की सत्यता एवं फर्म अथवा फर्म के किसी भी पार्टनर पर पूर्व व वर्तमान में कोई भी विधिक कार्यवाही न होने सम्बन्धी नोटराइज्ड शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

## टेण्डर की सामान्य शर्तें:–

01. निविदादाता को नगर निगम अधिनियम, निविदा नियमावली तथा समय–समय पर लागू एक्रूअल बेस्ड दोहरी लेखा प्रणाली, आयकर व जी0एस0टी0 सम्बन्धी शासनादेश मान्य होंगे।
02. बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली में सुरक्षित रहेगा।
03. यदि निविदा डालने की तिथि को अवकाश हो जाये तो निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय तक डाली जायेगी।
04. टेण्डर स्वीकृत होने पर न्यूनतम निविदादाता को नियमानुसार अनुबन्ध करना होगा। कार्य की अवधि एक वर्ष की होगी। संतोषजनक कार्य पाये जाने पर कार्य की अवधि अगले वित्तीय वर्ष के लिये बढ़ाई जा सकती है। लेखा सम्बन्धी कार्य वित्तीय वर्ष के अनुसार ही मान्य होंगे।
05. निविदादाता फर्मों द्वारा धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क की धनराशि निर्दिष्ट बैंक खाते में ऑन–लाइन जमा न किये जाने पर निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।
06. निविदादाता को टेण्डर में दिये गये समस्त कार्यों को सम्पादित करना होगा। संतोषजनक कार्य होने पर ही भुगतान संभव होगा।
07. सर्वाधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली में सुरक्षित रहेंगे।
08. सशर्त कोई निविदा मान्य नहीं होगी।
09. अनुबन्ध गठित कराते समय अपलोड किये गये उक्त प्रपत्रों की स्कैन प्रतियों को मूल प्रति से सत्यापित कराया जाना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रपत्र के असत्य पाये जाने पर सम्बन्धित फर्म की निविदा निरस्त करते हुए धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

लेखाधिकारी
नगर निगम, बरेली

CamScanner